तापमान
अधिकतम 46.2 डिग्री
न्यूनतम 23.4 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, मंगलवार 26 मई 2026

12 वोट दिया, टैक्स भी भरा, फिर भी लोग कूड़े के ढेर ..



12 मानसून सिर पर, नींद में सरकार सवालों में जलभराव ..



## खबर संक्षेप

### अग्निवीर भर्ती 2027 की कॉमन प्रवेश परीक्षा 1 से

**अंबाला।** भर्ती वर्ष 2027 के लिए अग्निपथ योजना के तहत अग्निवीर जनरल ड्यूटी, तकनीकी, क्लर्क/स्टोर कीपर, ट्रेड्स मैन दसवीं पास, ट्रेड्स मैन आठवीं पास, अग्निवीर महिला सेना पुलिस और रेगुलर एंट्री के तहत सैनिक नर्सिंग सहायक, सिपाही फार्मा, आरटी जेसीओ, हवलदार (एसएसी), जेसीओ कैटरिंग और हवलदार के पद पर कॉमन प्रवेश परीक्षा का आयोजन विभिन परीक्षा केंद्रों पर 1 से 12 जून 2026 तक किया जाएगा। सभी उम्मीदवारों के कॉमन प्रवेश परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड अपलोड कर दिए गए हैं।

### विदेश भेजने के नाम पर हड़पे आठ लाख रुपये

**यमुनानगर।** विदेश भेजने के नाम पर युवक से 8 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। गांव औरंगाबाद निवासी गोविंद ने शिकायत दी कि अंबाला की जग्गी कॉलोनी निवासी विक्रम और गोविंदपुरी निवासी देव आशीष दास ने उसे विदेश में नौकरी दिलाने का झांसा दिया।आरोप है कि जनवरी से अप्रैल के बीच दोनों आरोपियों ने अलग-अलग किस्तों में उससे करीब 8 लाख रुपये ले लिए, लेकिन न तो विदेश भेजा और न ही नौकरी दिलवाई। पैसे मांगने पर आरोपी टालमटोल करने लगे।पीड़ित की शिकायत पर सदर यमुनानगर थाना पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बाइक सवार युवक ने महिला से छीना पर्स

**यमुनानगर।** शहर के पिरामिड के नजदीक बाइक सवार युवक ने महिला के हाथ से पर्स छीन लिया। पर्स में दो मोबाइल, पांच सौ रुपए, घर की चाबियां, आधार कार्ड व अन्य दस्तावेज थे। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### शादी का झांसा देकर नाबालिग को किया अगवा

**यमुनानगर।** रादौर थाना क्षेत्र के एक गांव से युवक शादी का झांसा देकर नाबालिग लड़की को अगवा करके ले गया। मामले में आरोपी युवक की मां व भाई पर भी उसका साथ देने का आरोप लगा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद तीनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

रादौर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने रादौर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसकी 16 वर्षीय बेटी 23 मई को देर शाम किसी काम से घर से बाहर गई थी मगर उसके बाद वापस नहीं लौटी।

### नहर से बरामद हुआ मुबारक अली का शव

**यमुनानगर।** हिनौरी पुल के पास पश्चिमी यमुना नहर से गांव मोहड़ी निवासी 29 वर्षीय मुबारक अली खान का शव बरामद हुआ है। मृतक चार दिन से लापता था। परिजनों के अनुसार 21 मई की शाम वह घर से काम पर जाने निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। बाद में उसकी बाइक नहर किनारे लावारिस हालत में मिली थी।मुबारक अली एक प्लास्टिक कंपनी में सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत था और घटना वाले दिन ड्यूटी पर भी नहीं पहुंचा था। लगातार मोबाइल बंद मिल रहा था।

### चार युवकों से करीब 16 लाख रुपये की ठगी

**अंबाला।** सेना में भर्ती करवाने के नाम पर चार युवकों से करीब 16 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। थाना बलदेव नगर पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव धुलकोट निवासी इंद्रजीत सिंह, हरविंदर सिंह, राजेश कुमार और राजकुमार ने शिकायत में बताया कि सेना एएससी में ड्राइवर मैसेंजर पद के लिए आवेदन किया था। इसी दौरान सरकपुर निवासी सुरेश कुमार और धनौड़ी मोहड़ा निवासी नीटू कश्यप ने उन्हें नौकरी लगवाने का झांसा देकर रुपये दे दिया। लेकिन नौकरी नहीं लगवाई।

# भीषण गर्मी में आंगनबाड़ी के नौनिहाल बेहाल, छुट्टियों का इंतजार

## सरकारी स्कूलों में अवकाश घोषित, आंगनबाड़ी केंद्रों व प्लेवे पर अभी नहीं आए आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

खास खबर

लू और बढ़ते तापमान के बीच सरकारी स्कूलों में छुट्टियां 25 मई से घोषित कर दी गई हैं। आंगनबाड़ी केंद्रों और प्ले स्कूलों के लिए अभी तक कोई आदेश जारी नहीं हुआ है। इससे छोटे बच्चों और आंगनबाड़ी कर्मचारियों की परेशानी बढ़ गई है। आंगनबाड़ी केंद्रों में आने वाले बच्चों की उम्र स्कूल जाने वाले बच्चों से काफी कम होती है। बावजूद इसके उन्हें तेज गर्मी में केंद्रों तक पहुंचना पड़ रहा है। जिले के अधिकतर आंगनबाड़ी केंद्रों में गर्मी से बचाव के लिए पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। कई केंद्र एक-दो कमरों में संचालित हो रहे हैं। इनमें कूलर तक की सुविधा नहीं है। बच्चों को पंखों में रखा जाता है जिससे डिहाइड्रेशन का खतरा बढ़ जाता है। कुछ केंद्रों में बिजली की सुविधा तक नहीं है।



**शहजादपुर।** आंगनवाड़ी केंद्र में पढ़ाई करते बच्चे। फोटो : हरिभूमि

### तापमान बढ़ने से छोटे बच्चे हो रहे बीमार

कर्मचारियों के अनुसार तापमान बढ़ने से केंद्रों में आने वाले बच्चों की संख्या घट गई है। छोटे बच्चे बीमार पड़ रहे हैं। सुबह 8:45 बजे से दोपहर 2:30 तक खुले रहने वाले केंद्रों में दोपहर की गर्म हवाओं से बच्चों को बचाना चुनौतीपूर्ण हो रहा है। आंगनबाड़ी केंद्रों में 1 से 20 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश रहता है। इस बार अभिभावकों का कहना है कि जब स्कूलों की छुट्टियां पहले ही घोषित हो चुकी हैं तो आंगनबाड़ी केंद्रों में भी तुरंत अवकाश दिया जाना चाहिए। उनका कहना है कि छोटे बच्चों पर गर्मी का प्रभाव अधिक होता है। उनके स्वास्थ्य को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

### छोटे बच्चों की छुट्टी पहले होनी चाहिए

अभिभावकों का कहना है कि ढाई बजे तक छोटे बच्चों को बैठाना और लेकर जाना उनके लिए जोखिम भरा है। प्रशासन को इस दिशा में सोचना चाहिए। पांच साल से छोटे बच्चों की छुट्टी पहले होनी चाहिए मगर सरकार को आंगनबाड़ी में आने वाले छोटे-छोटे बच्चे दिखाई ही नहीं देते हैं जब स्कूल के बड़े बच्चों को गर्मी लग सकती है तो क्या आंगनवाड़ी के छोटे बच्चों को गर्मी नहीं लगती है। लू को लेकर एडवाइजरी जारी होने के बावजूद आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों की सुरक्षा पर ध्यान नहीं दिया जा रहा। आंगनबाड़ी वर्कर एंड हेल्पर यूनियन प्रशासन का ध्यान इस और दिलाना चाहती है।

# स्नेचिंग के दो दोषियों को 10-10 साल की सजा

- मोबाइल और नकदी छीनने के मामले में सुनाया फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



दोनों पर पर 25-25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया

जिला सेशन जज वाणी गोपाल शर्मा की अदालत में मुशर्रफ पुत्र अकबर निवासी माई कॉलोनी, श्री देवी मंदिर के पास, पानीपत से मोबाइल फोन सेट, नकदी छीनने के दो आरोपियों रहमान उर्फ सलीम पुत्र मोहम्मद हरण निवासी गीता कॉलोनी, नूरवाला और राहुल पुत्र नरेंद्र शर्मा निवासी शिव नगर, गांधी मंडी पानीपत को दोषी करार देते हुए 10-10 साल के कठोर कारावास की सजा दी । वही जज शर्मा की अदालत में दोनों दोषियों पर 25-25 हजार रुपये का जुर्माना भी किया । जुर्माना नहीं देने पर दोनों दोषियों को एक-एक साल का अतिरिक्त करावास भोगना होगा। स्मरणीय है कि थाना चांदनी बाग में मुशर्रफ की शिकायत पर सलीम व राहुल पर स्नेचिंग के आरोप में केस दर्ज किया गया था। वहीं पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। जबकि अदालत में सलीम और राहुल को न्याय हिरासत में जेल भेज दिया था।

## घोटाले और अवैध नियुक्तियां छुपाने के लगाए आरोप

# बारना सोसायटी चुनाव रद्द होने पर भड़के ग्रामीण, ऑफिस पर जड़ा ताला

- चुनाव रोकने को ग्रामीणों ने बताया साजिश, प्रशासन के खिलाफ की नारेबाजी
- समाधान शिविर से लेकर बैंक जीएम और एसीएस कार्यालय तक पहुंची शिकायत



**कुरुक्षेत्र।** कार्यालय पर ताला जड़ने के बाद रोष जताते ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिले के गांव बारना में दी बारना बहुउद्देशीय सहकारी समिति के चुनाव पर रोक लगाने का मामला अब गरमा गया है। फैसले के विरोध में सोमवार को ग्रामीणों का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया। चुनाव प्रक्रिया रोके जाने से नाराज सैकड़ों ग्रामीणों और पैक्स से जुड़े किसानों ने सोमवार सुबह इकट्ठा होकर बारना सोसायटी कार्यालय पर ताला जड़ दिया और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। ग्रामीणों का आरोप है कि कुछ लोगों ने अपनी संभावित हार को देखते हुए, सोसायटी में बड़े फ्रॉड को छुपाने के लिए व अवैध नियुक्तियां करने के लिए इस चुनाव पर रोक लगवाई है। ताला जड़ने के बाद ग्रामीणों ने समाधान शिविर में उपायुक्त के नाम शिकायत सौंपी, इसके बाद बाद दी कुरुक्षेत्र कॉपरेटिव बैंक के जीएम गोपी चंद को एक शिकायत पत्र सौंपा, जिसमें मैनेजर बदलने की बात कही गई। इसके बाद ग्रामीण एसीएस सहकारी समितियां के पास पहुंचे और अपनी शिकायत दर्ज करवाई। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि सोसायटी में मौजूद कर्मचारी द्वारा सोसायटी के लेन देन में मोटा घोटाला किया है। इसी को छुपाने के लिए चुनाव प्रक्रिया को कैंसिल करवाया गया है। ग्रामीणों ने मांग करते हुए कहा कि ग्रामीणों को सोसायटी की बैलेंस सीट दिलवाई जाए व अधिकारियों द्वारा सोसायटी का ऑडिट ढंग से किया जाए। दी कुरुक्षेत्र कॉपरेटिव बैंक के जीएम गोपीचंद ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि जल्द बारना सोसायटी में मैनेजर का जार्च किसी अन्य को दिया जाएगा। ग्रामीण टेकचंद, हवा सिंह, रामचंद्र, महेंद्र सिंह, सर्वजीत सिंह, काली राम, कमल, प्रेम, सुरेंद्र शर्मा, फतेह सिंह, गुरमीत सिंह, बलकार व अन्य ने प्रशासन को चेताते हुए कहा कि जब तक सोसायटी में सही ढंग से काम काज शुरू नही किया जाता, तब तक सोसायटी पर ताला जड़कर रखेंगें। ग्रामीणों ने कहा कि चुनाव की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई थीं और इसके लिए 24 मई की तारीख तय की गई थी। फार्म की छंटनी व निशान मिलने समेत सभी कार्य पूरे कर लिए गए थे, लेकिन ऐन वक्त पर, चुनाव से ठीक चार दिन पहले 20 मई को एक सोची-समझी साजिश के तहत चुनाव प्रक्रिया पर रोक लगा दी गई, जोकि लोकतंत्र का हनन किया गया है।

# नशा तस्करों पर बड़ा प्रहार, 5 आरोपी पकड़े, 840.93 ग्राम हेरोइन बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला




अंबाला में 'जीरो टॉलरेंस' नीति के तहत नशा माफिया के खिलाफ पुलिस की बड़ी कार्रवाई सामने आई है। सीआईए-1 और सीआईए-2 की टीमों ने दो अलग-अलग मामलों में 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर 840.93 ग्राम हेरोइन और तस्करी में इस्तेमाल वाहन बरामद किए हैं। सभी आरोपियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। सीआईए-1 की टीम ने सूचना के आधार पर थाना पड़ाव क्षेत्र के कुष्ठ आश्रम के पास नाकाबंदी कर एक कार को रोका। तलाशी में सवार चार आरोपियों समीर सोनकर, मुकेश कुमार, आर्यन और धीरज चनाना से 389.1 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। सभी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर वाहन जब्त कर लिया गया। वहीं, सीआईए-2 ने शाहपुर नेशनल हाइवे के पास टैक्सी में सवार आरोपी अमित कुमार को गिरफ्तार किया, जिसके पास से 451.83 ग्राम हेरोइन मिली। पुलिस के अनुसार आरोपी टैक्सी की आड़ में नशे की खेप लेकर आ रहा था। पुलिस का कहना है कि सभी आरोपियों से पूछताछ कर पूरे नशा नेटवर्क का खुलासा किया जाएगा कि यह खेप कहां से लाई गई।

### युवक को गंडासी से हमला कर किया घायल

- घायल कृष्ण कुमार का इलाज अस्पताल में भर्ती कराया

**यमुनानगर।** गांव लेदी में कहासुनी होने पर एक युवक ने अपने तीन अन्य साथियों के साथ मिलकर गांव के कृष्ण कुमार पर गंडासी से हमला कर घायल कर दिया। घायल कृष्ण कुमार का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद एक आरोपी को नामजद करते हुए तीन अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव लेदी निवासी कृष्ण कुमार ने छछरौली पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि 19 मई को उसका गांव के ही शिवांक के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। इस दौरान आरोपी ने अपने तीन अन्य साथियों के साथ मिलकर उस पर गंडासी व डंडों से हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गया। शोर सुनकर जब आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए।परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती करवाया और मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच कर रही।



कुरुक्षेत्र कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला

# 2018 छात्र संघर्ष केस में सभी आरोपी बरी

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र की अदालत ने वर्ष 2018 के चर्चित छात्र संघर्ष मामले में बड़ा फैसला सुनाते हुए सभी आरोपियों को बरी कर दिया है। छात्र संघ चुनाव से जुड़े इस मामले में जसविंदर खैहरा, दिव्यांशु बुद्धिराजा, शाहनवाज हुसैन सहित कुल 10 लोगों पर विभिन्न आरोप लगाए गए थे। लंबे समय तक चली सुनवाई और सबूतों की जांच के बाद अदालत ने सभी आरोपों को सिद्ध न मानते हुए सभी को बाइज्जत बरी कर दिया। मामले में शामिल अन्य आरोपियों में मंजू जाखड़, हरमन प्रीत कौर, प्रवीण वती, ज्योति जानी, विनोद कुमार, सुमन और तरसेम काजल भी शामिल थे। यह मुकदमा वर्ष 2018 में छात्र संघ चुनाव के दौरान हुए विवादों के बाद दर्ज किया गया था, जो समय के साथ छात्र राजनीति का एक चर्चित मामला बन गया था। अदालत के फैसले के बाद सभी आरोपियों और उनके समर्थकों में राहत और खुशी का माहौल देखा गया। इस फैसले को न्यायिक प्रक्रिया में विश्वास की जीत के रूप में देखा जा रहा है। मामले की प्रभावी पैरवी अधिवक्ता विक्रम मंडान और राजेंद्र चांदी ने की। अदालत ने स्पष्ट किया कि उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आरोप साबित नहीं हो सके, इसलिए सभी आरोपियों को सम्मानपूर्वक बरी किया जाता है।

### जमीनी की सौदेबाजी में 1.77 करोड़ की ठगी, तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज

- पट्टी जट्टान में पांच कनाल सात मरला जमीन की खरीद फरोख्त को लेकर हुई थी सौदेबाजी

**अंबाला।** पट्टी जट्टान में 5 कनाल 7 मरला जमीन की खरीद-फरोख्त के नाम पर 1.77 करोड़ रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।जोगीवाड़ा निवासी प्रीतपाल सिंह और मथुरा नगरी निवासी सर्वजोत सिंह ने शिकायत में बताया कि डडियाना गांव के दर्शन सिंह ने खुद को अधिकृत एजेंट बताकर जमीन बेचने का सौदा कराया और 24 मई 2025 को इकरारनामा कराया। इसके बाद अलग-अलग खातों में बयाना और भुगतान की राशि ट्रांसफर कर दी गई।आरोप है कि जुलाई 2025 में बैठक में भी सौदे की पुष्टि की गई, लेकिन बाद में पता चला कि आरोपियों के पास जमीन का कोई मालिकाना हक ही नहीं था। पुलिस ने दर्शन सिंह, निर्मल सिंह और रिखी राम के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर लिया है।

### सुरक्षित महिला ही सशक्त समाज की आधारशिला: प्रो. सोमनाथ सचदेवा



**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय में कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और समानता सुनिश्चित करने की दिशा में एक प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया है। विश्वविद्यालय की आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) ने वर्ष 2025 में ऐसा सुरक्षित, संवेदनशील और विश्वासपूर्ण वातावरण विकसित किया, जहाँ पूरे वर्ष यौन उत्पीड़न से संबंधित एक भी शिकायत दर्ज नहीं हुई। यह उपलब्धि केवल प्रशासनिक सफलता नहीं, बल्कि विश्वविद्यालय परिसर में स्थापित पारदर्शिता, जागरूकता और मानवीय मूल्यों की सशक्त अभिव्यक्ति मानी जा रही है। कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने बताया कि आंतरिक शिकायत समिति केवल शिकायतों के निवारण तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य महिलाओं के लिए ऐसा शैक्षणिक एवं कार्यस्थलीय वातावरण तैयार करना है, जहां वे पूर्ण सम्मान, आत्मविश्वास और सुरक्षा के साथ कार्य एवं अध्ययन कर सकें।

# प्रतिबंधित 3600 कैप्सूल के साथ दो युवक गिरफ्तार

- एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने आरोपियों को कलानौर नाका बॉर्डर से पकड़ा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने कलानौर नाका बॉर्डर से कार सवार दो युवकों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से अवैध 3600 प्रतिबंधित कैप्सूल बरामद किए हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर उन्हें अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें रिमांड पर लिया गया है।

जानकारी के अनुसार एंटी नाकोटिक सेल की टीम में तैनात एएसआई अमित कुमार ने बताया कि वह देर शाम टीम के साथ गश्त कर रहे थे। इस दौरान उन्हें सूचना मिली थी कि दो युवक ऑल्टो कार में सवार होकर उत्तर प्रदेश से नशीले प्रतिबंधित कैप्सूल लेकर यमुनानगर आएंगे। सूचना मिलते ही उन्होंने कलानौर नाका बॉर्डर पर वाहनों की जांच शुरू कर दी। कुछ देर बाद उन्हें एक ऑल्टो कार आती दिखाई दी। जब उन्होंने कार को रोककर उसकी तलाशी ली तो उसमें से 3600 प्रतिबंध स्पेस मोर कैप्सूल बरामद हुए। इन कैप्सूल पर सरकार द्वारा प्रतिबंध लगाया हुआ है। जिनकी कीमत करीब 45 हजार रुपये है। पूछताछ के दौरान आरोपियों की पहचान गांव टेही जाट्टान निवासी सूरजभान उर्फ सूरज तथा रोहित उर्फ टिड्डा के रूप में हुई। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर उन्हें अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें रिमांड पर लिया गया है।

## घाटों पर लगे मेले, भंडारे और छबीलों में भारी भीड़

*सुरक्षा के लिए पुलिस, गोताखोर और नावों का किया गया प्रबंध*

# गंगा दशहरा पर यमुना घाटों पर उमड़ी आस्था श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाकर मांगी मन्नतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर/रादौर

गंगा दशहरा के पावन पर्व पर सोमवार को यमुना नदी समेत जिले भर के पवित्र सरोवरों में हजारों श्रद्धालुओं ने स्नान कर पूजा अर्चना की। इस अवसर पर यमुना नदी के कई घाटों पर मेले व भंडारों का आयोजन भी किया गया। सोमवार सुबह होते ही जिले भर के हजारों श्रद्धालु यमुना नदी के लापरा घाट, कमालपुर, कलानौर, जठलाना, गुमथला आदि घाटों पर अपने वाहनों में सवार होकर पहुंचना शुरू हो गए थे। शाम तक यमुना नदी के घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जमा हो गई। इस दौरान कई श्रद्धालुओं ने यमुना नदी के पवित्र घाटों पर भंडारों का आयोजन किया। जबकि कुछ लोगों ने पंडितों को भोजन करवाकर पुण्य कमाया। वहीं, कपाल मोचन के तीर्थ सरोवरों, सरस्वती सरोवर व आदिबद्री में भी श्रद्धालुओं ने स्नान कर पूजा अर्चना की।



**यमुनानगर।** गंगा दशहरे के अवसर पर यमुना के घाट पर स्नान करते श्रद्धालु।

### ब्राह्मणों को करवाया भोजन

गंगा दशहरा पर्व पर खास बात यह रही कि यमुना नदी पर अधिकांश नव-दंपत्तियों ने पहुंचकर स्नान किया और ब्राह्मणों को भोजन करवाया। मान्यता है कि वर्ष भर में परिणय सूत्र में बंधने वाले नवदंपत्तियों को गंगा दशहरा पर्व के मौके पर यमुना नदी पर जाकर ब्राह्मणों को भोजन करवाने से उन्हें संतान सुख मिलता है। यही नहीं ऐसा करने से नव दंपति पर यमुना मां की असीम कृपा बनी रहती है। वहीं, छोटे बच्चों की चोटियां भी मां यमुना नदी के तट पर काटकर पूण्य कमाया गया।

### मेले में की खरीदारी

जिले के साथ लगती सीमा से सटी यमुना नदी के करीब 20 किलोमीटर तक के हथनीकुंड बैराज से लेकर गुमथलाराव तक कई स्थानों पर मेलों का आयोजन किया गया। इस दौरान मेले में जहां बच्चों के खिलौनों की अस्थाई दुकानों को आकर्षक रूप से सजाया गया था वहीं, यमुना घाटों पर तरबूज व खरबूजों की बिक्री हुई।

### सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

गंगा दशहरा पर्व के मौके पर यमुना के घाटों पर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए थे। इस दौरान पुलिस ने मेले में कड़ी सुरक्षा चौकसी बरती। यमुना नदी के घाटों पर प्रशासन ने नाव आदि का भी प्रबंध किया। जिसमें सुरक्षा कर्मचारियों व गोताखोरों ने बैठकर नदी में स्नान करने वाले श्रद्धालुओं को सुरक्षा प्रदान की। वहीं, गंगा दशहरा पर्व पर घाटों पर छबीलें लगाई गईं।

### गंगा दशहरा आस्था और संस्कृति का प्रतीक : डॉ. मिश्र

**थानेसर।** गंगा दशहरा भारतीय सनातन परंपरा का एक पावन पर्व है जो आध्यात्मिक शुद्धि के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण और जल के महत्व का संदेश देता है। गंगा दशहरा का पर्व आस्था, तपस्या और भारतीय संस्कृति की अविरल धारा का प्रतीक है। गंगा दशहरा के उपलक्ष्य में मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डॉ. श्रीप्रकाश मिश्र ने यह विचार मातृभूमि शिक्षा मंदिर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किए। कार्यक्रम का शुभारंभ मातृभूमि शिक्षा मंदिर के विद्यार्थियों द्वारा स्वस्तिवाचन से हुआ। इस अवसर पर मातृभूमि सेवा मिशन द्वारा मातृभूमि शिक्षा मंदिर के विद्यार्थियों को पेय सामग्री भेंट की गई।

## खबर संक्षेप

### महंगाई को लेकर दिव्यांशु बुद्धि राजा ने उठाए सवाल



**करनाल।** पूर्व लोकसभा प्रत्याशी दिव्यांशु बुद्धि राजा ने देश में बढ़ती महंगाई, पेट्रोल-डीजल की कीमतों और शिक्षा व्यवस्था में सामने आ रही अव्यवस्थाओं पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि लगातार बढ़ती ईंधन कीमतों से आम जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है और इसका असर हर घर तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि नीट और सीबीएसई की उत्तर पुस्तिकाओं को लेकर सामने आई शिकायतें बेहद गंभीर हैं। इससे विद्यार्थियों और अभिभावकों का शिक्षा व्यवस्था पर विश्वास कमजोर हुआ है। बच्चों के भविष्य से जुड़ी लापरवाही किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जा सकती। दिव्यांशु बुद्धि राजा ने मांग की कि पेट्रोल-डीजल की बढ़ी हुई कीमतें तुरंत वापस ली जाएं।

### बुनियाद सोसाइटी का नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

**करनाल।** बुनियाद एजुकेशनल एंड सोशल सोसाइटी, करनाल द्वारा विर्क हॉस्पिटल के सहयोग से न्यू रमेश नगर स्थित श्री रविदास मंदिर में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में डॉ. हर्ष और डॉ. रशीद ने 136 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श दिया।

शिविर में मरीजों के फ्री हेल्थ चेकअप के साथ जरूरतमंदों को निशुल्क टेस्ट और दवाइयां भी उपलब्ध करवाई गईं। बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने शिविर का लाभ उठाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अनीश चौधरी ने संस्था के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि बुनियाद एजुकेशनल एंड सोशल सोसाइटी समाजहित में लगातार सराहनीय कार्य कर रही है। संस्था के प्रधान रोशन लाल, उपप्रधान राजपाल, महासचिव दीपक बोहरा, सचिव तेजपाल, एडवोकेट विक्रम, इंद्रराज सिंह, भारत भूषण, दया प्रकाश, इंदरपाल, महेश चौधरी, देवाशीष चौहान और बीएम आनंद सहित अन्य सदस्यों ने अतिथियों और डॉक्टरों को सम्मानित किया।

### लोक-पॉप ट्रैक जमना किनारे रिलीज

**करनाल।** सिमरन चौधरी और एमसी स्क्वायर का नया लोक-पॉप ट्रैक जमना किनारे रिलीज हो गया है। उत्तर भारतीय लोक संगीत को आधुनिक कंटेम्परेरी साउंड के साथ पेश करने वाला यह गीत दर्शकों को काफी पसंद आ रहा है। गीत में यमुना किनारे पनपती एक चुलबुली प्रेम कहानी को खूबसूरती से दिखाया गया है। इसमें हल्की-फुल्की नोकझोंक, देसी रोमांस और लोक संस्कृति की झलक देखने को मिलती है। पंजाबी और हरियाणवी संगीत प्रभावों को आधुनिक बीट्स के साथ मिलाकर तैयार किया गया यह ट्रैक राधा-कृष्ण की अमर प्रेम कहानी से प्रेरित है। लोक शैली की धुनों और देसी अंदाज से भरपूर यह गीत युवाओं को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का प्रयास करता है।

म्यूजिक वीडियो भी बना आकर्षण का केंद्र जमना किनारे' का म्यूजिक वीडियो भी दर्शकों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। वीडियो में सिमरन चौधरी और एमसी स्क्वायर रंग-बिरंगे परिधानों और जीवंत सेटअप में नजर आते हैं।

## कष्ट निवारण समिति की बैठक में अफसरों को दिए जरूरी निर्देश

# कृषि मंत्री राणा ने 14 शिकायतों में से 9 का मौके पर किया समाधान

**ग्रामीणों ने ड्रेन सफाई की समस्या उठाई, मानसून से पहले समाधान का आश्वासन**







हरिभूमि न्यूज ▶▶। करनाल

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री तथा जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति करनाल के नवनियुक्त अध्यक्ष श्याम सिंह राणा ने सोमवार को पंचायत भवन सभागार में आयोजित कष्ट निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में कुल 14 परिवादों पर सुनवाई की गई, जिनमें से 9 शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया, जबकि शेष 5 मामलों की पुनः जांच उच्च अधिकारियों को सौंपी गई।

बैठक के दौरान सेक्टर-12 पार्ट-2 निवासी बिमला देवी द्वारा पशु डेयरी हटवाने संबंधी शिकायत पर मंत्री ने अधिकारियों को अवैध कब्जा जल्द हटाने के निर्देश दिए। डीआरपी एनक्लेव सेक्टर-36 के निवासियों की शिकायत पर अगली बैठक तक जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया। वहीं वसंत विहार निवासी नाथी राम द्वारा पार्क पर अवैध कब्जे और अवैध पानी कनेक्शन की शिकायत पर मंत्री ने अवैध ट्यूबवेल कनेक्शन काटने और दोबारा ऐसा करने वालों पर जुर्माना लगाने के निर्देश दिए।

गांव टीकरी निवासी ओम प्रकाश की शिकायत पर मंत्री ने कहा कि सरकार की हिदायतों के अनुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। नए मामलों में घरौंडा निवासी सोनिया रानी द्वारा महिला आश्रम छोड़ने के बाद मिलने वाली ग्रांट की शिकायत पर महिला एवं बाल विकास विभाग को जल्द सहायता राशि जारी करने के निर्देश दिए गए। असंध के गांव शेखपुरा मंचूरी निवासी गगनदीप सिंह व अन्य ग्रामीणों द्वारा ड्रेन सफाई की समस्या उठाने पर मंत्री ने मानसून से पहले ड्रेन की सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। गांव महमदपुर निवासी वेदपाल के खेतों में गंदा पानी आने की शिकायत को अगली बैठक तक लंबित रखा गया। वहीं गगसीना निवासी सुखपाल द्वारा गैर कानूनी खुदाई की शिकायत पर बीडीपीओ को 15 दिन में जांच रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए। न्यू डीसी कॉलोनी निवासी उषा रानी ने डीसी ऑफिस एम्प्लाइज को-ऑपरेटिव हाउसिंग बिल्डिंग सोसाइटी के कार्यों की जांच और उसे भंग करने की मांग रखी। इस मामले में मंत्री ने एडीसी, तहसीलदार और अन्य अधिकारियों की कमेटी गठित कर अगली बैठक तक रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। बैठक में इंद्री विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप, मेयर रेणु बाला गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर, सांसद प्रतिनिधि कवींद्र राणा, उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।

### 24 करोड़ रुपये के विकास कार्यों को मंजूरी

करनाल। हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जिला विकास एवं निगरानी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला विकास योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2026-27 में करीब 23 करोड़ 75 लाख रुपये के विकास कार्यों को मंजूरी दी गई। श्याम सिंह राणा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विकास कार्यों की अनुमानित लागत जल्द तैयार की जाए ताकि कार्य समय पर पूरे हो सकें। उन्होंने कहा कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों की मूलभूत जरूरतों के अनुसार प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्य करवाए जाएं। उन्होंने डी-प्लान का पैसा समय पर उपयोग करने और किसी भी राशि को लैप्स न होने देने पर जोर दिया। उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि पिछले वित्तीय वर्ष में 319 विकास कार्य स्वीकृत हुए थे, जिनमें से 273 पूरे हो चुके हैं और 40 कार्य प्रगति पर हैं। उन्होंने कहा कि चालू वित्तीय वर्ष में ग्रामीण क्षेत्र में 15 करोड़ 89 लाख रुपये और शहरी क्षेत्र में करीब 7 करोड़ 86 लाख रुपये के विकास कार्य प्रस्तावित हैं। बैठक में महापौर रेणु बाला गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर, जिला परिषद सीईओ अमित कुमार, योजना अधिकारी राजेंद्र कुमार सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

## 30 जून तक प्रॉपर्टी टैक्स जमा करने पर मिलेगी 100 प्रतिशत ब्याज माफी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। करनाल



■ महापौर ने नागरिकों से योजना का लाभ उठाने की अपील

प्रदेश सरकार द्वारा प्रॉपर्टी टैक्स बकायेदारों को दी गई 100 प्रतिशत ब्याज माफी योजना को लेकर नगर निगम करनाल ने अभियान तेज कर दिया है। महापौर रेणु बाला गुप्ता ने नागरिकों से 30 जून तक अपना बकाया टैक्स जमा कर योजना का लाभ उठाने की अपील की है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2010-11 से 2024-25 तक के बकाया टैक्स पर लगने वाला पूरा ब्याज माफ किया जाएगा। महापौर ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार नागरिकों को राहत देने और शहर के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार ब्याज माफी का लाभ लेने के लिए नागरिकों को प्रॉपर्टी टैक्स पोर्टल पर अपनी संपत्ति का सेल्फ-सर्टिफिकेशन करना अनिवार्य होगा। कर अधीक्षक गगनदीप सिंह और क्षेत्रीय कराधान अधिकारी अंकुश पराशर ने बताया कि प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही सिस्टम में ब्याज माफी लागू होगी।

## पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतें सरकार की नाकामी का नतीजा : सोमिल संधू

हरिभूमि न्यूज ▶▶। करनाल



■ यूथ कांग्रेस ने दी आंदोलन की चेतावनी की

हरियाणा युवा कांग्रेस कमेटी के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष सोमिल संधू ने पेट्रोल-डीजल और एलपीजी की बढ़ती कीमतों को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा किए गए दावे पूरी तरह खोखले साबित हुए हैं और वैश्विक संकट का हवाला देकर लगातार महंगाई बढ़ाई जा रही है। सोमिल संधू ने कहा कि भाजपा सरकार आम आदमी के मुंह से निवाला छीनने का काम कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार पहले कहती रही कि देश में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की कोई कमी नहीं है और कीमतें नहीं बढ़ेंगी, लेकिन अब जनता पर महंगाई का बोझ डाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई के कारण मध्यम वर्ग और गरीब परिवारों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार अपने दायित्वों को निभाने में पूरी तरह विफल साबित हुई है।

## विधायक ने सुनी हलके के लोगों की समस्याएं, समाधान के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶। इंद्री



इंद्री। हलके के लोगों की समस्याएं सुनते विधायक रामकुमार कश्यप ।

विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप ने सिंचाई विभाग के विश्राम गृह में जनसुनवाई कार्यक्रम में जनता की समस्याएं सुनी और फोन के माध्यम से अधिकारियों को इन समस्याओं के जल्द समाधान के निर्देश दिए। विधायक रामकुमार कश्यप ने कहा कि हर सोमवार को आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में हलके के लोग बड़ी संख्या में अपनी समस्याएं और शिकायतें लेकर आते हैं। उनका यही प्रयास रहता है कि लोगों की समस्याओं का जल्द समाधान हो,जिससे उन्हें सरकार द्वारा चलाई जा रही सुविधाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने आमजन से अपील की कि जिस गांव में कोई समस्या हो, उसे तुरंत उनके संज्ञान में लाया जाए ताकि उसका त्वरित समाधान हो सके। उन्होंने कहा कि सरकार का मुख्य उद्देश्य समाज के हर वर्ग के हित, किसानों की खुशहाली और क्षेत्र की समृद्धि सुनिश्चित करना है। उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि विकास कार्यों में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी और प्रत्येक गांव में विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ-सबका विकास के मूलमंत्र के तहत हर वर्ग के हित को ध्यान में रखकर कार्य कर रही है।

## ग्रामीण बोले स्पीकर साहब आप ने बिगड़ा काम संवार दिया, स्पीकर बोले: मैं तो थारा दिहाड़ीदार सूं

हरिभूमि न्यूज ▶▶। घरौंडा



समय था श्री शिव महा पुराण कथा का समापन के बाद सभी शहर की सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करने का। रविवार की सांय लगभग सात बजे मार्किट कमेटी कार्यालय में शहर की सभी सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं के पदाधिकारियों के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने मुख्य रूप से शिरकत की। सात दिवसीय नई अनाज मंडी में आयोजित श्री शिव महा पुराण कथा में हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र व समस्त समाज के लोगो ने कथा से दो दिन पूर्व मिली जिम्मेदारी को बहुत ही अच्छी तरह से निभाया और कथा का सफल आयोजन हुआ। जिसके बाद सभी शहर की सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं के साथ बैठक कर हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने कहा है श्री शिव महा पुराण कथा का सफल आयोजन किसी दिव्य शक्ति की कृपा है, क्योंकि कथा में लाखों लोगों का आगमन और 45 डिग्री तापमान होते हुए भी किसी प्रकार की दिक्कत नहीं आई। शहर के लोगों ने मन लगाकर पानी, खीर, हलवा, तरबूज व अन्य व्यंजनों की छबील लगाकर जमकर श्रद्धालुओं की सेवा की है। स्पीकर हरविंद्र कल्याण ने कहा है जिस प्रकार से सभी ने परिवार की तरह मिलजुल कर कार्य किया है, ये हमारी संस्कृति है, अगर इसी तरह हम सभी मिलजुल के चलेंगे तो आने वाले समय में हमारे बच्चों को अच्छी शिक्षा मिलेगी। इस अवसर पर शहर के गणमान्य लोग मौजूद थे

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने कहा है इस पुण्य कार्य की शुरुआत नगर खेड़े से हुई थी और अब दादा खेड़े की कृपा से कथा का समापन हो गया है, इस लिए कथा के समापन पर नगर खेड़े पर 31 मई को एक विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सभी 36 बिरादरी के लोग शिरकत करेंगे।



### नरेश कुमार गुप्ता की स्मृति में हुआ हवन

**तरावड़ी।** नरसिंह दास पब्लिक स्कूल प्रांगण में स्वर्गीय नरेश कुमार गुप्ता की पावन एवं मधुर स्मृति में श्रद्धापूर्वक हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। यह हवन यज्ञ आर्य समाज की वैदिक रीति रिवाज के अनुसार आचार्य विक्रम शास्त्री द्वारा संपन्न कराया गया। इस यज्ञ में विद्यालय निदेशक, अध्यापकगण एवं विद्यार्थियों ने श्रद्धा और भक्ति भाव से भाग लिया। हवन के माध्यम से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए एवं परिवार मधु गुप्ता, नवनीत गुप्ता, शुभम गुप्ता, मानसी गुप्ता, दिव्या गुप्ता व गौरी गुप्ता की सुख समृद्धि के लिए प्रार्थना की गई। वैदिक मंत्रोच्चारण से वातावरण भक्तिमय एवं शांतिमय हो गया। इस अवसर पर विद्यालय निदेशक धर्मेंद्र खेड़ा ने स्वर्गीय नरेश कुमार गुप्ता के सरल, प्रेरणादायक एवं समाजसेवी व्यक्तित्व को याद करते हुए कहा कि उन्होंने सदैव शिक्षा के महत्व को समझते हुए विद्यालय की उन्नति एवं विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य के लिए अपना योगदान दिया। इस अवसर पर सुनीता गाबा, मनीष मित्तल, दिनेश राणा, अमन, डिंपल सचदेवा, अमित शर्मा, अंजू, रीटा रंजू ,साक्षी, पूजा,अल्पना ,शैलजा, अध्यापक मुख्य रूप से उपस्थित रहे। प्रकाश, पदम, काला सिंह , निर्मल सिंह व जोगा सिंह ने भी श्रद्धांजलि सुमन अर्पित किए।

## अवैध खनन और परिवहन पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, 14 वाहन किए जब्त

■ संयुक्त टीम ने इंद्री रोड पर चलाया विशेष अभियान, बिना बिल खनिज ले जा रहे वाहन पकड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶। करनाल



जिला प्रशासन द्वारा अवैध खनन और अवैध परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत इंद्री रोड पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 14 वाहनों को जब्त किया गया। जिला खनन अधिकारी विनय शर्मा ने बताया कि उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनन गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है। उन्होंने बताया कि हरियाणा राज्य परिवर्तन ब्यूरो करनाल, इंद्री पुलिस और खनन विभाग की संयुक्त टीम ने अभियान चलाकर बिना बिल के खनिज परिवहन कर रहे 14 वाहनों को पकड़ा। कार्रवाई के बाद सभी वाहनों को मधुबन पुलिस परिसर में खड़ा कराया गया है। जिला खनन अधिकारी विनय शर्मा ने स्पष्ट किया कि जिले में किसी भी प्रकार के अवैध खनन और अवैध परिवहन को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे मामलों में संलिप्त व्यक्तियों और वाहनों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने आमजन से भी सहयोग की अपील करते हुए कहा कि यदि कहीं भी अवैध खनन या अवैध परिवहन की जानकारी मिले तो इसकी सूचना तुरंत जिला प्रशासन या संबंधित विभाग को दें, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके।



### गंगा दशहरा पर हवन यज्ञ के साथ विशाल भंडारा

**करनाल।** गंगा दशहरा के पावन अवसर पर सर्वजातीय महासभा के राष्ट्रीय प्रधान विजय वेदपाल ने परिवार सहित मानव कल्याण, विश्व शांति, प्रदेश की खुशहाली और आतंकवाद से मुक्ति की कामना के साथ श्री यमुना जी का हवन यज्ञ, विशाल भंडारा तथा जलजीरा और बेलपत्र की छबील का आयोजन किया। आयोजन में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। विजय वेदपाल ने बताया कि यह 54वां विशाल भंडारा था, जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की। हवन यज्ञ में ग्रामीणों और भक्तजनों ने पूर्व डिप्टी स्पीकर चौधरी वेदपाल की स्मृति को नमन करते हुए प्रदेश की समृद्धि और विश्व शांति के लिए आहुतियां अर्पित कीं। उन्होंने कहा कि यमुना नदी केवल एक नदी नहीं बल्कि जीवनदायिनी शक्ति है। यमुना जी को सूर्यपुत्री, यमराज और दानवीर कर्ण की बहन के रूप में पूजा जाता है। उन्होंने कहा कि खादर क्षेत्र के लोग इस पर्व को बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाते हैं। वैदिक मंत्रोच्चारण पंडित धर्म प्रकाश शास्त्री और पंडित राजेंद्र शर्मा द्वारा किया गया।

## श्री श्याम सेवा समिति तरावड़ी की ओर से दयाराम मंदिर में बही भक्ति की बयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶। तरावड़ी



श्री श्याम सेवा समिति तरावड़ी की ओर से दयाराम मंदिर में आयोजित भव्य श्याम संकीर्तन एवं भजन संध्या एक शाम सांवरे के नाम श्रद्धा, भक्ति के माहौल में संपन्न हुई। कार्यक्रम में देर रात तक श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ा और पूरा मंदिर परिसर बाबा श्याम के जयकारों से गूंजता रहा। कार्यक्रम के दौरान बाबा श्याम का अलौकिक श्रृंगार और भव्य दरबार श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना रहा। रंग-बिरंगी रोशनी और मनमोहक सजावट से सजे मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण देखने को मिला। भजन गायकों मोनू मिश्रा पटियाला, रेखा सूरभी कैथल एवं प्रमोद शर्मा पड़वाला ने अपने मधुर भजनों से ऐसा समां बांधा कि श्रद्धालु देर रात तक भक्ति रस में झूमते रहे। भजन संध्या के दौरान 56 भोग, पुष्प वर्षा, इत्र वर्षा एवं ध्यान संकीर्तन ने कार्यक्रम को और भी दिव्य बना दिया। जैसे ही बाबा श्याम के भजनों की स्वर लहरियां गूंजीं, श्रद्धालु खुद को नृत्य करने से रोक नहीं पाए और पूरा माहौल भक्तिमय हो उठा। समिति के संरक्षक तरुण बंसल ने बताया कि समिति का उद्देश्य समाज में धार्मिक भावना, प्रेम और भाईचारे को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं के भजन संध्या में जैसे ही भजन गायक कलाकारों ने पकड़ लो हाथ बनवारी नहीं तो डूब जाएंगे भजन की प्रस्तुति दी, पूरा दयाराम मंदिर श्रद्धा और भक्ति से सराबोर हो उठा। इसके अलावा हारे के सहारे आजा, श्याम तेरी बंसी पुकारे राधा नाम, मेरे सांवरे तुझको बुलाऊं आठों याम रे समेत अनेक मनमोहक भजनों पर श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे।

## कौशल विकास योजनाओं की मिलेगी व्यवहारिक समझ

# एचआरडीआई और दयाल सिंह कॉलेज के बीच एमओयू

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नीलोखेड़ी/करनाल



विद्यार्थियों को व्यावहारिक शिक्षा, कौशल विकास और ग्रामीण विकास योजनाओं से जोड़ने की दिशा में हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान (एचआरडीआई) नीलोखेड़ी और दयाल सिंह कॉलेज करनाल के बीच तीन वर्ष के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। समझौते पर एचआरडीआई की ओर से निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान तथा दयाल सिंह कॉलेज की ओर से प्राचार्या डॉ. आशिमा गक्खड़ ने हस्ताक्षर किए।

इस एमओयू का उद्देश्य विद्यार्थियों को ग्रामीण विकास, पंचायती राज व्यवस्था तथा केंद्र और राज्य सरकार की विकास योजनाओं की व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना है। निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि वर्तमान समय में उच्च शिक्षा को व्यावहारिक अनुभवों से जोड़ना बेहद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि एचआरडीआई ग्रामीण विकास एवं पंचायत सशक्तिकरण के क्षेत्र में अग्रणी संस्थान के रूप में कार्य कर रहा है और इस समझौते से विद्यार्थियों को योजनाओं के धरातलीय क्रियान्वयन और प्रशासनिक प्रक्रियाओं को निकटता से समझने का अवसर मिलेगा। एमओयू के तहत एचआरडीआई द्वारा विद्यार्थियों के लिए 4 से 6 सप्ताह की इंटर्नशिप और कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों में विद्यार्थियों को ग्रामीण विकास, पंचायती राज संस्थाओं की कार्यप्रणाली, सामाजिक उत्तरदायित्व और सरकारी योजनाओं के प्रभावी संचालन की जानकारी दी जाएगी। चयन पारदर्शी प्रक्रिया और निर्धारित मानदंडों के आधार पर किया जाएगा। प्राचार्या डॉ. आशिमा गक्खड़ ने कहा कि यह समझौता विद्यार्थियों के शैक्षणिक और व्यावसायिक विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इससे विद्यार्थियों को व्यावहारिक अनुभव और रोजगारपरक कौशल विकसित करने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर एचआरडीआई के सहायक आचार्य सुशील मेहता, कमलदीप सांगवान सहित संस्थान के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। वहीं दयाल सिंह कॉलेज की ओर से इंटर्नशिप समन्वयक डॉ. देवेंद्र, सुपरवाइजर डॉ. पवन कुमार आदि रहे।

### युवाओं की ऊर्जा और नवाचार को विकसित करना जरूरी

डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि युवाओं की ऊर्जा और नवाचार को ग्रामीण विकास की मुख्यधारा से जोड़ना समय की आवश्यकता है। इससे विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, समस्या समाधान कौशल और सामाजिक संवेदनशीलता का विकास होगा। उन्होंने कहा कि यह पहल विद्यार्थियों को ग्रामीण भारत की चुनौतियों और संभावनाओं को समझने का अवसर भी प्रदान करेगी।

समझौते के तहत एचआरडीआई विद्यार्थियों को प्रशिक्षण, मार्गदर्शन और आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराएगा तथा उनके प्रदर्शन का मूल्यांकन कर कॉलेज को फीडबैक भी देगा।

## खबर संक्षेप




### शिक्षा जीवन का सबसे शक्तिशाली हथियार

**पानीपत।** सैनी सेवा ट्रस्ट देहरा द्वारा क्षेत्र के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। जिसमें 10वीं एवं 12वीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र.छात्राओं को नकद पुरस्कार, मेडल, प्रशस्ति चिन्ह तथा शिक्षा से संबंधित उपयोगी सामग्री प्रदान कर सम्मानित किया गया। गांव के मुख्य समाजसेवी लख्मी चन्द ने कहा कि शिक्षा जीवन का सबसे शक्तिशाली हथियार है। यह हमें ज्ञान, सही गलत की पहचान व आत्मनिर्भरता प्रदान करती है।



### वधावा राम कालोनी की योग कक्षा में पहुंचे डॉ. शेषपाल

**पानीपत।** डॉक्टर शेषपाल प्रभारी भारत स्वाभिमान पानीपत ने वधावा राम कॉलोनी स्थित भगवान परशुराम मंदिर में नई योगा क्लास में योग कराया। यह क्लास अशोक अरोड़ा और रामपाल शर्मा द्वारा चलाई गई है। आज डॉक्टर शेषपाल ने क्लास में जाकर दीप प्रज्वलित करके क्लास का शुभारंभ किया। सभी साधकों को रोग अनुसार योग कराया और सीनियर सिटीजन के हिसाब से योग कराया। जिसमें प्रधान परशुराम मंदिर जयप्रकाश शर्मा, सुनील शर्मा, मोहन, बलवान, रामपाल मीणा आदि शामिल रहे।



### सनातन धर्म मंदिर में पुरूषोत्तम मास कथा जारी

**पानीपत।** श्री सनातन धर्म मंदिर मॉडल टाउन में आयोजित पुरुषोत्तम मास मलमास कथा के नौवें दिन व्यासपीठ से कथावाचक प. बृजकिशोर शास्त्री ने कहा कि किस प्रकार स्वामी रहित मलमास को भगवान विष्णु ने अपना नाम पुरुषोत्तम देकर सभी महीनों में श्रेष्ठ बनाया। उन्होंने इस माह में व्रत और दान के महात्म्य को विस्तार से समझाया जाता है। कथा के बीच बीच में और अंत में हरे कृष्णा और जय पुरुषोत्तम देव के जयकारों से पूरा मॉडल टाउन क्षेत्र गुंजायमान रहा।

### युवा कार्यशाला में सामाजिक चेतना पर दिया जोर

**पानीपत।** गांधी कॉलोनी के वीरेंद्र स्मारक भवन में हरियाणा ज्ञान विज्ञान समिति व शहिद वीरेंद्र स्मारक समिति के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय युवा कार्यशाला की गई। इसकी अध्यक्षता संयुक्त रूप से हरियाणा ज्ञान विज्ञान समिति की जिला प्रधान शीतल व वीरेंद्र स्मारक समिति के सचिव डॉ. शीशपाल द्वारा की गई।

## युवा पीढ़ी को अहिल्याबाई होलकर के जीवन से परिचित कराना जरूरी

# शिक्षामंत्री ने किया अहिल्याबाई होलकर स्वागत द्वार का शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

जीटी रोड सेक्टर 18 में लोकमाता अहिल्याबाई होलकर स्वागत द्वार का शिलान्यास हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा, महापौर कोमल सैनी, पार्षद अनीता परूथी व कोमल पांचाल द्वारा नारियल तोडक़र किया गया। जबकि प.दीपक पांड़े ने विधिवत रूप से पूजा कराकर स्वागत द्वार का शिलान्यास कराया। शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि माता अहिल्याबाई होलकर का जीवन त्याग का रहा है। उन्होंने बहादुरी दिखाते हुए अपने राज्य की बेटियों को शिक्षित करने एवं समाज को परमात्मा के नियमों पर चलने के लिए प्रेरित किया था। आज हमें उनके जीवन परिचय से युवा पीढ़ी को अवगत कराना चाहिए। माता अहिल्याबाई महान शिव भक्त थी। जिन्होंने काशी विश्वनाथ का मंदिर एवं सोमनाथ के मंदिर का जीर्णोद्धार कराया था।



**पानीपत।** अहिल्याबाई होलकर द्वार का शिलान्यास करते मंत्री महीपाल ढांडा व अन्य।

### पाल गडरिया समाज ने मंत्री महीपाल ढांडा का किया सम्मान

शिक्षा मंत्री ने बताया कि पानीपत में बनने वाला यह स्वागत द्वार भव्य होगा। पाल गडरिया समाज द्वारा मंत्री महीपाल ढांडा को पगड़ी पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। वहीं मेयर कोमल सैनी, पार्षद अनीता परूथी, पार्षद कोमल पांचाल, पार्षद पति अनिल शर्मा, पार्षद पति राजपाल व तरुण तावड़ा को पगड़ी पहनकर सम्मानित किया। मंच संचालन एडवोकेट सचिन पाल ने किया। इस अवसर पर प्रधान सुलेख पाल, कैलाश पाल, पवन पाल, रमेश पाल, राजेंद्र पाल, डा.बालकिशन, शमशेर सिंह, जयसिंह पाल, हरेंद्र पाल, सोनू पाल, पूर्व सरपंच तुलसीदास खन्ना, भाजपा मंडल प्रधान जसविंद्र चहल, महासचिव विजेंद्र पांचाल, सुरेंद्र परूथी, संजय तोमर, हरीश अरोड़ा व भीम सचदेवा आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## हाई ब्लड प्रेशर और स्ट्रोक के बढ़ते खतरे को कुछ आदतें बना सकती हैं सुरक्षा कवच

*स्ट्रोक से बचाव के लिए खाने में नमक की मात्रा कम रखनी चाहिए*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

सिटी प्लस

हाई ब्लड प्रेशर यानी हाइपरटेंशन स्ट्रोक के सबसे बड़े कारणों में से एक है। इसकी सबसे चिंताजनक बात यह है कि यह अक्सर बिना किसी स्पष्ट लक्षण के धीरे-धीरे शरीर और खासकर मस्तिष्क की रक्त वाहिकाओं को नुकसान पहुंचाता रहता है। मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल शालीमार बाग के न्यूरोलॉजी विभाग के डायरेक्टर डॉ.मनोज खनल ने बताया हाइपरटेंशन से जुड़े दो प्रमुख प्रकार के स्ट्रोक होते हैं। स्ट्रोक से बचाव के लिए खाने में नमक कम करना, प्रोसेस्ड फूड्स से दूरी बनाना और ताजा घर का खाना लेना चाहिए। इसके अलावा पैदल चलना, साइकिल चलाना या हल्की एक्सरसाइज रक्त संचार और हृदय स्वास्थ्य को बेहतर बनाती हैं।

## डिजिटल अरेस्ट से न घबराएं, तुरंत 1930 पर कॉल करें : एसपी भूपेंद्र

- साइबर ठग लगातार अपराध करने के नए-नए तरीके अपना रहे हैं
- साइबर ठग व्हाट्सएप कॉल के जरिए ‘डिजिटल अरेस्ट’ का डर दिखाकर ठगी करते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


**पानीपत।** पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ।

पुलिस ने साइबर अपराध पर अंकुश लगाने व आमजन को साइबर अपराध के विरुद्ध जागरूक करने के लिए एडवाइजरी जारी की है। पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने कहा कि वित्तीय लेन देन को लेकर जैसे.जैसे इंटरनेट पर निर्भरता बढ़ी है वैसे.वैसे साइबर ठगी की घटनाओं में भी इजाफा हो रहा है। साइबर ठग अपराध करने के नए नए तरीके अपना रहें है। आमजन के जागरूक होने से ही साइबर अपराधियों के चंगुल में आने से बचा जा सकता है। साइबर ठग व्हाट्सएप कॉल कर डिजिटल अरेस्ट का भय दिखाकर भी ठगी करते हैं। पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने बताया कि साइबर ठगों द्वारा अपनाया जाने वाला ठगी का यह नया तरीका है। साइबर अपराधी अक्सर खुद को सीबीआईए पुलिस या कस्टम अधिकारी बताकर लोगों को वीडियों कॉल करते हैं। वीडियो कॉल के बैकग्राउंड को किसी पुलिस स्टेशन की तरह बना लिया जाता है। जिसे देखने वाला हर कोई व्यक्ति डर कर उनकी बातों में आ जाता है। वे मनी लॉनड्रिंग या नशीले पदार्थों की तस्करी में नाम होने और फर्जी नोटिस भेजकर गिरफ्तारी का डर दिखाते है। फिर घंटों घर में ही डिजिटल कैद रहने पर मजबूर कर रूपए ऐंठते हैं। पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने बताया कि साइबर ठग द्वारा व्यक्ति को 24 घंटे उनके संपर्क में रहने के लिए सर्विलांस पर फोन या वेबसाइट के जरिये नजर रखने की बात कही जाती है। पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने कहा कि इस प्रकार की वारदातों से बचने के लिए हमेशा सतर्क रहें। फोन पर कोई अपने आप को पुलिसए सीबीआईए नारकोटिक्स विभागए सीबीआई विभाग, आरबीआई और ईडी इत्यादि का अधिकारी बताकर इस तरह ब्लैकमेल, जबरन वसूली या डिजिटल अरेस्ट इत्यादि की धमकी देता है तो उनसे डरे नहीं तुरंत साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज कराएं।

## चुघ परिवार ने पिता के बाद माता कृष्णवंती के नेत्र भी किए दान

**पानीपत।** समाजसेवी सतीश चुघ, उनके बड़े भाई अनिल चुघ तथा उनकी बहनें सरोज एवं उषा जो पूरा परिवार संतमत राधा स्वामी से जुड़ा हुआ है ने एक बार फिर मानवता और सेवा की अद्भुत मिसाल प्रस्तुत की है। गत 19 जनवरी 2026 को इस परिवार ने अपने पिताजी के नेत्रों का दान करवाकर समाज को सेवा का संदेश दिया था और आज उनकी माता कृष्णवंती जी जो पुरुषोत्तम मास में बाबा जी के चरणों में विलीन हो गईं उनके नेत्रों का भी दान करवाया गया। यह नेत्रदान जन सेवा दल अपना आशियाना के सेवाधारियों एवं सिविल हॉस्पिटल के डॉक्टरों की टीम के सहयोग से संपन्न हुआ।


**पानीपत।** मृतक के परिजनों को सम्मानित करते जन सेवा दल के सदस्य ।

## 22 शिकायतों की मौके पर कार्रवाई प्रशासन ने सुनीं लोगों की समस्याएं


**पानीपत।** जनता समाधान शिविर में समस्याएं सुनते हुए अधिकारी ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

जिला सचिवालय सभागार में आयोजित जनता समाधान शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित 22 शिकायतों की गंभीरता पूर्वक सुनवाई की गई। शिविर की अध्यक्षता उपायुक्त डॉ. विरेंदर कुमार दहिया ने की। उपायुक्त डॉ.विरेंदर कुमार दहिया ने शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि लोगों को उनकी समस्याओं के समाधान के लिए बार-बार सरकारी दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़ें। प्रशासन आमजन की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए समयबद्ध समाधान सुनिश्चित कर रहा है। पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने जन सुनवाई करते हुए कहा कि पुलिस विभाग से जुड़ी शिकायतों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई की जा रही है।


**पानीपत।** प्रवेश सत्र के दौरान हेल्प डेस्क में जानकारी लेते परिजन व विद्यार्थी।

### आईबी कॉलेज में शुरू हुई रोजगारपरक प्रवेश प्रक्रिया

**पानीपत।** आईबी कॉलेज में सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है तथा वाणिज्य विभाग विद्यार्थियों को आधुनिक एवं रोजगारपरक शिक्षा प्रदान करने के लिए पूर्ण रूप से तैयार है। कॉलेज के प्राचार्य डॉ.सतवीर सिंह ने कहा कि कॉलेज का वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ.साथ रोजगारपरक एवं कौशल आधारित प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने अभिभावकों एवं विद्यार्थियों से अपील की कि वे सत्र 2026-27 में कॉलेज में प्रवेश लेकर अपने उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव रखें।

## ग्रामीण जल योजनाओं के बेहतर संचालन के लिए नीति-2026 लागू होगी : डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने आज प्रदेश के सभी उपायुक्तों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर ग्रामीण पेयजल योजनाओं की संचालन एवं रख रखाव नीति-2026 के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीसी डॉ. विरेंदर कुमार दहिया ने बताया कि सरकार द्वारा ग्रामीण जलापूर्ति व्यवस्था को अधिक मजबूत, पारदर्शी और जनसहभागिता आधारित बनाने के उद्देश्य से संचालन एवं रखरखाव नीति-2026 लागू की जा रही है। इस नीति के तहत ग्राम पंचायतों और ग्राम जल एवं सीवरेज समिति को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी। उपायुक्त ने बताया कि नीति के प्रथम चरण में एकल ग्राम पंचायतों के अंतर्गत आने वाली पेयजल योजनाओं को 1 अप्रैल 2026 से लागू किया जाएगा, जबकि दूसरे चरण में बहु-ग्राम पंचायत एवं महाग्राम योजनाओं को 1 अप्रैल 2027 से शामिल किया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि नीति के सफल क्रियान्वयन हेतु सभी आवश्यक तैयारियां समय रहते पूरी की जाएं ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में सुचारू एवं सुरक्षित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।



**पानीपत।** अधिकारियों की बैठक लेने डीसी डा.वीरेंद्र दहिया ।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर एडीसी अंकित चौकसे, एसडीएम मनदीप कुमार, एसडीएम समालखा अमित कुमार, सीईओ डॉ किरण, एसडीएम इसराना नवदीप नैन, नगराधीश टीनू पोसवाल, डीडीपीओ राजेश शर्मा के अलावा विभिन्न विभागों से अधिकारी मौजूद रहे।


**पानीपत।** शहीदों के परिजनों को सम्मानित करते आयोजक व अतिथि।

## आर्य कॉलेज में किया शहीद परिजनों का सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

आर्य कॉलेज में राष्ट्रीय सनातन सेना भारत महिला इकाई द्वारा शहीदों एवं उनके परिजनों के सम्मान में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर खेल जगत से जुड़ी प्रतिभाओं एवं विभिन्न सामाजिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली हस्तियों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष बबीता सिंह एवं हरियाणा महासचिव ऊषा सैनी ने सभी सम्मानित अतिथियों को सम्मान प्रदान करते हुए उनके योगदान की सराहना की। समारोह में हरियाणा शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा के बड़े भाई हरपाल ढांडा, दशहरा कमेटी के प्रधान रमेश माटा, समाजसेवी आशीष बांगा, राष्ट्रीय सनातन सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष भगवती प्रसाद शुक्ला एवं राष्ट्रीय संयोजक संदीप महाकाल को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

## योग, पोषण और समय पर दवा से टीबी पर जीत संभव : डीसी डॉ. विरेंदर दहिया

### देश को टीबी मुक्त बनाना सरकार का मुख्य लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

एनसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल परिसर में आज 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग पानीपत एवं इसराना स्थित एनसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के सहयोग से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे उपायुक्त डॉ.विरेंदर कुमार दहिया ने कहा कि टीबी को जड़ से खत्म करने के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को जागरूक होना होगा। उपायुक्त ने कार्यक्रम का शुभारंभ प्रज्वलित कर किया व इस दौरान टीबी मरीजों को पोषण किट वितरित की तथा परिसर में पौधारोपण भी किया। कार्यक्रम में टीबी उन्मूलन अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर संस्थान पदाधिकारियों ने उपायुक्त का बुके एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ.विजय मलिक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश को टीबी मुक्त बनाने का अभियान तेजी से आगे बढ़ रहा है।


**पानीपत।** टीबी मुक्त अभियान के सहयोगियों को सम्मानित करते डीसी डा.वीरेंद्र दहिया।

## रेडी मिक्स कंक्रीट प्लांटों पर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल की बड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

हरियाणा में नियमों को ताक पर रखकर वायु और पर्यावरण प्रदूषण फैलाने वाले रेडी मिक्स कंक्रीट प्लांटों पर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने बड़ी कार्रवाई की है। मामले की गंभीरता को देखते हुए हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने राज्य के विभिन्न जिलों में संचालित हो रहे आरएमसी प्लांटों पर कुल 40 करोड़ 61 लाख 93 हजार 809 रुपए का पर्यावरण मुआवजा लगाया है। हालांकि बोर्ड की ढीली कार्यप्रणाली का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इतने भारी.भरकम जुर्माने में से अब तक केवल 1 करोड़ 22 लाख 31 हजार 1 रुपए की ही रिकवरी की जा सकी है। ट्रिब्यूनल ने हरियाणा सरकार को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए जवाब मांगा है कि क्यों न उसे हरियाणा सरकार को खुद यह पूरी बकाया पर्यावरण मुआवजे की राशि चुकाने का निर्देश दिया जाएं। यह खुलासा नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के समक्ष दीपक बनाम हरियाणा राज्य व अन्य मामले में दायर की गई एक पूरक रिपोर्ट में हुआ है। दरअसल 1 अप्रैल को जस्टिस अरुण कुमार त्यागी और एक्सपर्ट मेंबर डॉ.ए.सेंथिल वेल की पीठ ने नाराजगी जताते हुए कहा था कि बोर्ड ने अपनी स्टेटस रिपोर्ट में आरएमसी प्लांटों पर लगाए गए कुल जुर्माने, वसूली गई राशि और पर्यावरण सुधार में इसके इस्तेमाल का कोई ब्यौरा शामिल नहीं किया है।

## मराठा युद्ध से जुड़े 6 गांवों की ऐतिहासिक धरोहर पर प्रशासन का विशेष फोकस

- ज्ञान भारतमं मिशन के तहत जिले में तेजी से चल रहा राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में भाग लेते डीसी डा.वीरेंद्र दहिया ।

हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने आज प्रदेश के सभी उपायुक्तों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वे अभियान की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। बैठक में ज्ञान भारतम् मिशन के तहत प्राचीन पांडुलिपियों, ऐतिहासिक दस्तावेजों और सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में डॉ.विरेंदर कुमार दहिया ने मुख्य सचिव को अवगत कराया कि जिले में राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वे अभियान को गंभीरता और तीव्रता के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अब तक जिले में 230 सर्वे किए जा चुके हैं, जिनमें से 31 रिकॉर्ड ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड भी किए जा चुके हैं। अभियान की प्रगति को लेकर प्रशासन द्वारा लगातार बैठकें आयोजित की जा रही हैं ताकि कार्य में गति बनी रहे। डीसी ने बताया कि जिले के उन छह गांवों पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जा रहा है, जहां मराठों के मध्य ऐतिहासिक लड़ाई हुई थी। इन क्षेत्रों में मौजूद ऐतिहासिक दस्तावेजों, पांडुलिपियों और सांस्कृतिक विरासत को सुरक्षित रखने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं।


**पानीपत।** नशे के प्रति जागरूक करती पुलिस टीम।

### नशा व्यक्ति की सोचने की क्षमता कमजोर करता है : प्रणय कुमार

**पानीपत।** पुलिस जिले को नशा मुक्त बनाने की दिशा में जागरूकता अभियान चलाए हुए है। इसी कड़ी में आज जिला पुलिस की नशा मुक्त अभियान की टीम ने समालखा के वार्ड नंबर 4,5 व 6 में डोर टू डोर जाकर लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया। पुलिस टीम ने घर.घर जाकर नागरिकों से संवाद स्थापित किया और उन्हें नशे से होने वाले सामाजिक, आर्थिक तथा स्वास्थ्य संबंधी नुकसान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। पुलिस टीम द्वारा अभिभावकों को बच्चों के प्रति अपनी जिम्मेदारियों के बारे में भी जागरूक किया गया। अभियान के जिला नोडल अधिकारी डीएसपी प्रणय कुमार ने कहा कि नशा व्यक्ति की सोचने समझने और सही निर्णय लेने की क्षमता को कमजोर कर देता है।

### समाज का नाम रोशन करने वालों को भी करेंगे सम्मानित

## पांचाल शिक्षा समाज समिति 7 को करेगी 200 बच्चों को सम्मानित

- खेल व सामाजिक गतिविधियों में विशेष उपलब्धि हासिल करने वालों को ‘स्वामी भीष्म अवार्ड समाज सेवा सम्मान’ से सम्मानित किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

हमारा पांचाल समाज शिक्षा समिति द्वारा आगामी 7 जून दिन रविवार को पानीपत के आर्य कॉलेज के सभागार में पांचवा सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है। जिसमें पांचाल समाज के वर्ष 2025-26 के 10वीं व 12वीं कक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 200 बच्चों को सम्मानित किया जाएगा। आज यहां समिति के प्रधान बलजीत पांचाल महम व उनकी टीम ने पानीपत जिला में पांचाल समाज के लोगों को समारोह में पहुंचने का न्यौता दिया। इस टीम में अजीत पांचाल महम, महावीर पांचाल जींद, सुभाष पांचाल रोहतक, सुशील पांचाल जींद एवं शिवकुमार पांचाल पानीपत प्रमुख रूप से मौजूद रहे। प्रधान बलजीत पांचाल ने बताया कि समारोह में समाजसेवी जयपाल पांचाल रोहतक बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। बच्चों के अलावा खेल एवं अन्य सामाजिक गतिविधियों में विशेष उपलब्धि प्राप्त करने वालों को स्वामी भीष्म अवार्ड समाज सेवा सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। वहीं इस बार तकनीकी क्षेत्र में विशेष उपलब्धि प्राप्त करने वाले पांच लोगों को विश्वकर्मा कौशल पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इससे पहले समिति श्री राम शरण युयुत्सू, शिवकुमार आर्य, मास्टर शमशेर बरवाला, विजय विभोर के नाम से छात्रवृत्ति प्रदान कर रही है। वहीं समाज के 40 बच्चों की शैक्षणिक फीस भी देने का काम कर रही है। उन्होंने समाज के लोगों से अपील की है कि वह 7 जून को आर्य कॉलेज के सभागार में पहुंचकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएं।


**पानीपत।** सम्मान समारोह का न्यौता देते आयोजक ।

# वोट दिया, टैक्स भी भरा, फिर भी लोग कूड़े के ढेर और गंदगी में जीने को मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा


अंबाला। सड़क पर जलता कूड़ा।


अंबाला। सड़क पर पड़ा कूड़ा।

सिटी प्लस

जनता ने वोट दिया, टैक्स भरा, फिर भी क्या अब बीमारियों में जीना हमारी मजबूरी है?" क्षेत्र की गलियों में यह सवाल अब गुस्से में बदल चुका है। कस्बे की बदहाल सफाई व्यवस्था ने नगर प्रशासन, जनप्रतिनिधियों और ठेकेदारी सिस्टम की पोल खोलकर रख दी है। हालात इतने भयावह हो चुके हैं कि जगह-जगह पड़े सड़ते कूड़े के ढेर अब सिर्फ बदबू नहीं फैला रहे, बल्कि बीमारियों का खुला न्योता दे रहे हैं। एक तरफ सरकार करोड़ों रुपये खर्च कर स्वच्छ भारत के विज्ञापन चमका रही है दूसरी तरफ बराड़ा की गलियां और बाजार इस अभियान की जमीन पर हुई मौत का प्रमाण बन चुके हैं। कूड़े के ढेरों से उठती जहरीली दुर्गंध ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। लोगों का कहना है कि "ऐसा लग रहा है जैसे प्रशासन ने कस्बे को भगवान भरोसे छोड़ दिया हो। लोगों की शिकायतों पर प्रशासन कार्रवाई नहीं कर रहा है।

### ठेकेदारी सिस्टम बना कब्रिस्तान

नगर की सफाई व्यवस्था अब सफाई कम और कमिशनखोरी ज्यादा लगने लगी है। जनता आरोप लगा रही है कि ठेकेदारी प्रथा ने पूरे सिस्टम को खोखला कर दिया है। कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर परेशान हैं, अधिकारी फाइलों में सब ठीक दिखाने में व्यस्त हैं। लोग सवाल उठा रहे हैं कि सफाई के नाम पर वसूले जाने वाले टैक्स का पैसा आखिर जा कहां रहा है? क्या जनता की मेहनत की कमाई सिर्फ अधिकारियों की एसी गाड़ियों और ठेकेदारों के मुनाफे में झोंकी जा रही है।

### व्यापारी बर्बादी के कगार पर

यहां के बाजारों में दुकानों के बाहर लगे कूड़े के अंबार व्यापारियों के लिए आर्थिक तबाही बन चुके हैं। ग्राहक दुर्गंध और गंदगी के कारण बाजार आने से बच रहे हैं। दुकानदारों और लोगों का कहना है कि वो टैक्स देते हैं, लेकिन यहां तो घर से बाहर निकलना भी मुश्किल हो गया है। स्थानीय लोगों और दुकानदारों में प्रशासन के प्रति भारी रोष है। उनका कहना है कि अगर यही हाल रहा तो छोटे दुकानदारों के लिए दुकान चलाना मुश्किल हो जाएगा।

### सड़कों पर बीमारियों का 'डेथ वारंट'

कस्बे की गलियों में फैला कूड़ा अब आने वाली महामारी का ट्रेलर बन चुका है। डेंगू, मलेरिया, हैजा, टाइफाइड और पीलिया जैसी बीमारियों के फैलने का खतरा लगातार बढ़ रहा है। बरसात से पहले हालात संभाले नहीं गए तो यही कूड़ा जहरीला बहाव बनकर घर-घर बीमारी पहुंचाएगा। लोगों का कहना है कि प्रशासन शायद अस्पताल भरने और मौतों के आंकड़ा आने का इंतजार कर रहा है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या किसी बड़े हादसे के बाद ही व्यवस्था जागेगी?

### ठेकेदारी प्रथा का काला खेल

सफाई व्यवस्था अब सेवा नहीं, मुनाफे का कारोबार बन चुकी है। न कर्मचारियों को पूरा हक मिल रहा है और न जनता को साफ शहर। बीच का खेल सिर्फ ठेकेदारों और अफसरों की जेबें भरने में लगा दिखाई दे रहा है। बाजारों में फैली गंदगी ने स्थानीय व्यापार की कमर तोड़ दी है। ग्राहक बदबू से परेशान होकर बाजारों से दूरी बना रहे हैं, जिसका सीधा असर छोटे दुकानदारों की रोजी-रोटी पर पड़ रहा है।

### अब जनता से मोड़ रहे मुंह

चुनाव के समय घर-घर जाकर वोट मांगने वाले जनप्रतिनिधि अब इस गंदगी पर चुप क्यों हैं? जनता पूछ रही है कि क्या नेताओं की जिम्मेदारी सिर्फ वोट लेने तक सीमित थी? वहीं प्रशासनिक अधिकारियों पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। लोगों का आरोप है कि अधिकारी सिर्फ फाइलों में सफाई दिखाकर अपनी जिम्मेदारी से बच रहे हैं, जबकि जमीन पर हालात बद से बदतर हैं। डिजिटल दौर में अब लोग गंदगी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर सांझा कर प्रशासन को खुली चुनौती दे रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### शिकायतों पर शीघ्र कार्रवाई करें अधिकारी : नगराधीश

**अंबाला।** नगराधीश अभिषेक गर्ग ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा आमजन की शिकायतों एवं समस्याओं के त्वरित व प्रभावी समाधान करने को लेकर समाधान शिविर शुरू किए गए है। सभी अधिकारी अपने अपने विभाग से संबंधित लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान कर वाना सुनिश्चित करें। नगराधीश अभिषेक गर्ग सोमवार को उपायुक्त कार्यालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता कर रहे थे। गर्ग ने शिविर में पहुंचे प्राथियों की समस्याओं को ध्यान पूर्वक सुनते हुए सम्बधिंत अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्यवाही कर समाधान करने के निर्देश दिए।

### 5जी सेवा लांच शहर में मिलेगा बेहतर नेटवर्क

**अंबाला।** भारती एयरटेल ने प्रायोरिटी पोस्टपेड सेवा लांच करने की घोषणा की है। यह नई सेवा 5जी स्लाइसिंग तकनीक का उपयोग करती है जिससे पोस्टपेड ग्राहकों को स्थिर और बेहतर नेटवर्क का अनुभव मिलेगा। यह सेवा विशेष रूप से उन व्यस्त ग्राहकों के लिए तैयार की गई है, जो काम, मनोरंजन या ऑनलाइन सहयोग के लिए निर्बाध कनेक्टिविटी पर निर्भर रहते हैं। इस सेवा के लिए एयरटेल ने अपने 5जी नेटवर्क को नेटवर्क स्लाइसिंग तकनीक की उन्नत क्षमताओं से सशक्त बनाया है।

### जिला रेडक्रॉस सोसायटी ने स्वयंसेवक किए सम्मानित

अंबाला। जिला रेडक्रॉस सोसायटी ने नगर निगम चुनाव के दौरान दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाताओं की सहायता के लिए स्वयं सेवकों प्रत्येक बूथ पर स्वयं सेवक की ड्यूटी लगाई थी जिन्होंने निस्वार्थ भाव से अपनी सेवा भाव की ड्यूटी को निभाया। इसके चलते संबंधित विद्यार्थियों को प्रशंसा पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया है। प्रधानाचार्य दिनेश राणा व उप प्रधानाचार्य विनीता सिंधु, वर्ग अनुदेशक सतपाल, जय नारायण अनुदेशक सोनू, अनुदेशक राजकुमार अनुदेशक सतीश कुमार फिटर अनुदेशक और सभी छात्रों व स्वयं सेवकों का धन्यवाद किया। कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार सैनी ने बताया कि सोसायटी इस तरह कई कार्यक्रम करवाती है।

### हरियाणा लोक कला गायन कार्यशाला 1 से

**अंबाला।** जिला बाल कल्याण अधिकारी विश्वास मलिक ने से बताया कि उपायुक्त एवं अध्यक्ष जिला बाल कल्याण परिषद अजय सिंह तोमर के निर्देशसनुसार कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग , चंडीगढ़ व जिला बाल कल्याण परिषद द्वारा संयुक्त रूप से लघु बाल भवन अंबाला छावनी में 10 दिवसीय हरियाणवी लोक गायन की कार्यशाला का आयोजन 1 से 10 जून 2026 प्रतिदिन प्रातः काल 10 से 12 बजे तक बाल भवन अंबाला छावनी में किया जाएगा। इसमें अंर्तराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकार दीपक गुलजार एवं उसके म्यूजिकल वादक सह-कलाकार बच्चों को हरियाणवी लोक गायन का प्रशिक्षण देंगे। प्रदेश के लोक गायन को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने और युवाओं की प्रतिभा को निखारने के लिए ऐसी प्रतियोगिताओं की बहुत आवश्यकता है। इससे बच्चों का मनोबल बढ़ता है।

### सांसद वरुण चौधरी ने प्रशासन की तैयारियों पर उठाए गंभीर सवाल

# मानसून सिर पर, नींद में सरकार सवालों में जलभराव रोकने के दावे

टांगरी, मारकंडा और बेगना नदियों की अधूरी सफाई, धीमी खुदाई और जर्जर तटबंधों को लेकर कांग्रेस चलाएगी हस्ताक्षर अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

मानसून सिर पर है, लेकिन अंबाला संसदीय क्षेत्र और मुलाना में जलभराव रोकने की सरकारी तैयारियां अभी भी कागजों में ही नजर आ रही हैं। टांगरी, मारकंडा और बेगना नदियों की अधूरी सफाई, धीमी खुदाई और जर्जर तटबंधों को लेकर अब कांग्रेस खुलकर सरकार और प्रशासन पर हमलावर हो गई है। लोकसभा सांसद की अगुवाई में आगामी 31 मई को मुलाना मारकंडा पुल और 1 जून को महेशनगर टांगरी पुल पर विशाल हस्ताक्षर अभियान चलाने का ऐलान किया गया है। कांग्रेस का आरोप है कि सरकार मानसून से पहले जरूरी इंतजाम करने में पूरी तरह विफल रही है और प्रशासन सिर्फ दिखावे की कार्रवाई में लगा हुआ है।


बराड़ा। निरीक्षण करते हुए सांसद वरुण चौधरी। फोटो : हरिभूमि

### विज्ञापनों में विकास

सरकार विज्ञापनों में विकास दिखा रही है, लेकिन जमीनी स्तर पर जनता को हर साल पानी में डूबने के लिए छोड़ दिया जाता है। मानसून के दौरान जिले के लोगों को हर साल बाढ़ जैसे हालातों का समाना करना पड़ता है। इस अवसर पर ग्रामीण जिला अध्यक्ष दुष्यंत चौहान, पूर्व डिप्टी मेयर सुधीर जायसवाल,नप सदस्य हरमिंदर सिंह हीरा, सतीश सैनी, संगठन महासचिव मनीष राणा, भास्कर शर्मा, संजीव राणा, अमनप्रीत शेरा भी सांसद के साथ मौजूद रहे।

### मारकंडा-बेगना में भी लापरवाही के आरोप

मुलाना क्षेत्र में मारकंडा और बेगना नदी की स्थिति को लेकर भी सांसद वरुण चौधरी ने गंभीर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि अभी तक न तो उचित खुदाई हुई है और न ही कमजोर स्थानों पर मजबूत तटबंध बनाए गए हैं। कांग्रेस का आरोप है कि प्रशासन लोगों की चिंताओं को नजरअंदाज कर रहा है और समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे। यदि यही हाल रहा तो मानसून के दौरान किसानों, व्यापारियों और आम जनता को भारी नुकसान झेलना पड़ सकता है। कांग्रेस ने अब इस मुद्दे को जन आंदोलन का रूप देने की तैयारी कर ली है। 31 मई सुबह 9:30 बजे मुलाना मारकंडा पुल तथा 1 जून सुबह 9:30 बजे महेशनगर टांगरी पुल पर विशाल हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा। पार्टी नेताओं का कहना है कि यह अभियान सरकार और प्रशासन की "सुस्त और लापरवाह कार्यशैली" के खिलाफ जनता की आवाज बनेगा। लोगों में भी प्रशासन के प्रति भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। लोगों का कहना है कि हर साल जलभराव से घरों, दुकानों और खेतों को नुकसान होता है, लेकिन स्थायी समाधान की बजाय सिर्फ फाइलों में योजनाएं बनाई जाती हैं। लोग सवाल उठा रहे हैं कि क्या प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है? आखिर मानसून से ठीक पहले ही क्यों सफाई और खुदाई की याद आती है?

### शहर में नालों की सफाई लगभग शून्य

निरीक्षण के दौरान सांसद ने पाया कि शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के अधिकांश नालों की सफाई अभी तक ठीक ढंग से शुरू भी नहीं हुई है। जबकि हर साल बरसात के दौरान जलभराव से लोगों को भारी नुकसान झेलना पड़ता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन हर साल मानसून से पहले बड़े-बड़े दावे करता है, लेकिन पहली बारिश आते ही सड़कों पर नाव चलने जैसी स्थिति बन जाती है। सवाल यह उठ रहा है कि आखिर करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद हालात हर साल बदतर क्यों हो रहे हैं।

### काम कम, खानापूर्ति ज्यादा

महेशनगर स्थित टांगरी नदी के पंप हाउस और खुदाई कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे सांसद वरुण चौधरी ने अधिकारियों के सामने ही कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए। उन्होंने कहा कि नदी में खुदाई का काम न तो तय मानकों के अनुसार हो रहा है और न ही इसकी रफ्तार संतोषजनक है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि अगर समय रहते काम में तेजी और गुणवत्ता नहीं लाई गई तो आने वाले मानसून में अंबाला कैंट और आसपास के इलाकों में जलभराव की भयावह स्थिति पैदा हो सकती है, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन और सरकार की होगी।

# तेल की बढ़ती कीमतों ने लोगों की तोड़ी कमर: जैन

- कांग्रेस नेता का आरोप अमरीकी दवाब में मोदी सरकार नतमस्तक, जनता पर महंगाई का हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


अंबाला। एडवोकेट रोहित जैन।

प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति के सदस्य सचिव एडवोकेट रोहित जैन ने पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की लगातार बढ़ती कीमतों को लेकर केंद्र की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि देश की जनता महंगाई से कराह रही है, लेकिन भाजपा सरकार जनता को राहत देने के बजाय टैक्स वसूली और कॉरपोरेट हितों की राजनीति में व्यस्त है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष रोहित जैन ने कहा कि पूर्व में अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में भारी गिरावट आने के बावजूद देश की जनता को उसका लाभ नहीं दिया जा रहा था। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में जब भाजपा सत्ता में आई थी, उस समय अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड ऑयल लगभग 105 डॉलर प्रति बैरल के आसपास था और तब देश में पेट्रोल की कीमत लगभग 71 रुपये प्रति लीटर थी। कई बार अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चा तेल 70 डॉलर प्रति बैरल से नीचे पहुंचा लेकिन देश के कई राज्यों में पेट्रोल की कीमत 95 से 105 रुपये प्रति लीटर तक रहा है। तब भी सरकार ने देश की जनता को कोई राहत नहीं दी।डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष रोहित जैन ने कहा कि भाजपा सरकार ने एक्साइज ड्यूटी और विभिन्न टैक्सों के जरिए जनता की जेब पर लगातार हमला किया है। पिछले वर्षों में केंद्र सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर टैक्स बढ़ाकर लाखों करोड़ रुपये वसूले, लेकिन आम जनता को राहत देने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया। भाजपा नेताओं ने विपक्ष में रहते हुए महंगाई पर लंबी-लंबी बातें की थीं, लेकिन आज सत्ता में आने के बाद जनता की परेशानियों पर पूरी तरह मौन साध लिया है। जैन ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की विदेश नीति भी पूरी तरह अमेरिका के दबाव में दिखाई देती है। उन्होंने कहा कि महंगाई का सीधा असर गरीब, मध्यम वर्ग और छोटे व्यापारियों पर पड़ रहा है। लगातार बढ़ती ईंधन कीमतों के कारण परिवहन खर्च बढ़ गया है, जिससे खाद्य पदार्थों, सब्जियों, दालों और रोजमर्रा की जरूरत की वस्तुओं के दाम भी आसमान छू रहे हैं। रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी ने गृहिणियों का बजट बिगाड़ दिया है। गांवों और कस्बों में रहने वाले लोग सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं, जहां आमदनी सीमित है लेकिन खर्च लगातार बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा आम जनता की आवाज उठाती रही है और आगे भी महंगाई के मुद्दे पर संघर्ष जारी रखेगी।

## तीन माह से वेतन न मिलने पर टीजीटी शिक्षकों में आक्रोश

- आर्थिक तंगी से जूझ रहे शिक्षक, मुख्यमंत्री से लगाई वेतन जारी करने की गुहार

**बराड़ा।** हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत कार्यरत टीजीटी अध्यापकों को पिछले तीन महीनों से वेतन न मिलने के कारण शिक्षकों में भारी रोष व्याप्त है। इस संबंध में जिला प्रधान सुशील कुमार ने सरकार से जल्द वेतन जारी करने की मांग उठाई है। उन्होंने बताया कि बजट जारी न होने के कारण एचकेआरएन अध्यापकों का वेतन पिछले तीन महीनों से लंबित पड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकार अध्यापकों से नियमित अध्यापन कार्य के साथ-साथ जनगणना जैसे अतिरिक्त कार्य भी करवा रही है, लेकिन इसके बावजूद शिक्षकों को समय पर वेतन नहीं मिल रहा। उन्होंने कहा कि वेतन न मिलने से अध्यापकों को मानसिक और आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। घर का खर्च चलाना मुश्किल हो गया है। बच्चों की फीस, बिजली के बिल, किराया और अन्य जरूरी खर्च पूरे करना शिक्षकों के लिए चुनौती बन चुका है। यहां तक कि कई परचून दुकानदार भी अब उधार में राशन देने से मना करने लगे हैं। जिला प्रधान ने मुख्यमंत्री नायब सैनी से अपील करते हुए कहा कि एचकेआरएन अध्यापकों का लंबित वेतन जल्द जारी किया जाए।

## विद्यार्थियों को वितरित की शिक्षा सामग्री



**अंबाला।** अंबाला शहर की भारत विकास परिषद महर्षि दयानंद शाखा द्वारा राजकीय उच्च विद्यालय मंडौर में शिक्षा सामग्री वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को नोटबुक वितरित की गई ताकि बच्चे अपनी पढ़ाई को आसानी और बेहतर तरीके से आगे बढ़ा सकें। इस अवसर पर सीआरसी हेड एवं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गरनाला की प्रचार्या नीलम पघानी विशेष रूप से उपस्थित रही। उन्होंने कहा कि बच्चों को शिक्षा सामग्री उपलब्ध करवाना बहुत बड़ा पुण्य का कार्य है। इससे विद्यार्थियों को पढ़ाई के प्रति प्रेरणा मिलती है और देश के उज्ज्वल भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान होता है।विद्यालय मुखिया जसविंद्र सिंह ने संस्था के सदस्यों का विद्यालय पहुंचने पर तह दिल से धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि समाजसेवी संस्थाओं के सहयोग से विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ता है और शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक वातावरण तैयार होता है। इस मौके पर राकेश मक्कड़, सुभाष बत्रा, रविंद्र ग्रोवर, रामबाबू यादव, डॉ. दलजीत लाठर, कुलवंत सिंह, गुरप्रीत सिंह और शिवम सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## गर्मी में एक घूंट जिंदगी की मुहिम शुरू बेजुबान पक्षियों के लिए आगे आए

- तपती धूप ने आमजन का जीवन बनाया कठिन, बाहर निकलना मुश्किल

**बराड़ा।** भीषण गर्मी और तपती धूप के बीच इंसानियत की मिसाल पेश करते हुए प्रयास समाज सेवा संस्थान ने एक घूंट जिंदगी की मुहिम की शुरुआत की है। संस्थान के प्रधान ने लोगों से अपील की है कि वे अपने घरों, दुकानों और प्रतिष्ठानों के बाहर पानी के मटके रखकर राहगीरों, मजदूरों और बेजुबान पक्षियों की प्यास बुझाने का पुण्य कार्य करें। संस्थान के प्रधान ने कहा कि लगातार बढ़ रही गर्मी ने आमजन का जीवन कठिन बना दिया है। सबसे अधिक परेशानी दिहाड़ी मजदूरों, रिक्शा चालकों, सफाई कर्मचारियों, डिलीवरी बॉय और खुले आसमान में काम करने वाले लोगों को झेलनी पड़ रही है। ऐसे में यदि कोई व्यक्ति उन्हें एक गिलास ठंडा पानी पिला दे, तो यह उनके लिए किसी राहत से कम नहीं होता। उन्होंने भावुक अपील करते हुए कहा कि तेज धूप में बेजुबान पक्षी भी पानी की तलाश में भटकते रहते हैं। लोग अपने घरों की छतों, आंगनों और बालकनियों में पानी के छोटे बर्तन जरूर रखें, ताकि इन मासूम जीवों की प्यास बुझ सके। उन्होंने कहा कि "प्यासे को पानी पिलाना सबसे बड़ा पुण्य है और गर्मी के इस मौसम में यह किसी की जिंदगी बचाने जैसा कार्य बन जाता है।" विशाल सिंगला ने कहा कि गर्मियों में डिहाइड्रेशन और हीट स्ट्रोक के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। ऐसे में समाज के हर व्यक्ति को अपनी सामाजिक जिम्मेदारी समझते हुए इस मुहिम से जुड़ना चाहिए। उन्होंने लोगों से अपील की कि उनके दरवाजे पर आने वाला कोई भी जरूरतमंद बिना पानी पिए वापस न जाएं।

### जनता की समस्याएं जस की तस, अधिकारी दे रहे दावों की खुराक

# समाधान शिविर केवल कागजी आंकड़े बढ़ाने का माध्यम

सरकार सार्वजनिक करें शिविर में प्राप्त शिकायतों के समाधान व लंबित मामलों के आंकड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा



बराड़ा। शिविर में जनता की समस्याएं सुनते हुए अधिकारी।

एक ओर प्रशासन दावा कर रहा है कि समाधान शिविरों के माध्यम से आमजन की समस्याओं का त्वरित निपटान किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर क्षेत्र के कई नागरिकों का कहना है कि उनकी शिकायतें महीनों से विभिन्न विभागों में लंबित हैं। समाधान शिविर केवल कागजी आंकड़े बढ़ाने का माध्यम बनकर रह गए हैं। सोमवार को एसडीएम कार्यालय में आयोजित समाधान शिविर के बाद एसडीएम सतिंद्र सिवाच ने दावा किया कि अधिकांश शिकायतों का मौके पर समाधान कर दिया गया तथा शेष मामलों के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि यदि विभाग नियमित रूप से अपना कार्य कर रहे हैं तो लोगों को अपनी समस्याएं लेकर बार-बार समाधान शिविरों में आने की आवश्यकता ही क्यों पड़ रही है? क्षेत्र में बिजली, पानी, परिवार पहचान पत्र, पेंशन और राजस्व मामलों से जुड़ी अनेक शिकायतें लंबे समय से चर्चा का विषय बनी हुई हैं। वहीं कई लोगों का कहना है कि शिविर में शिकायत दर्ज तो कर ली जाती है, लेकिन बाद में फाइलें फिर विभागीय दफ्तरों में घूमती रहती हैं और शिकायतकर्ता को बार-बार उन आफिसों में चक्कर काटने पड़ते हैं। यदि समाधान शिविर वास्तव में प्रभावी हैं तो प्रशासन को यह भी सार्वजनिक करना चाहिए कि अब तक कितनी शिकायतें प्राप्त हुईं, उनमें से कितनी का स्थायी समाधान हुआ और कितने मामले अभी भी लंबित हैं। केवल अधिकांश शिकायतों का मौके पर समाधान जैसे दावों से जनता का भरोसा नहीं जीता जा सकता। फिलहाल समाधान शिविरों के दावों और जनता के अनुभवों के बीच बड़ा अंतर नजर आ रहा है।


उचाना। गंगा दशहरा पर हरिद्वार जाने के लिए बस को रवाना करते सुषमा देवेंद्र अत्री।

### विधायक ने महिलाओं से किया वायदा निभाया

**उचाना।** खटकड़ गांव से हरिद्वार के लिए महिलाओं की बस को भाजपा नेत्री सुषमा देवेंद्र अत्री द्वारा रवाना किया। बीते दिनों खटकड़ गांव की महिलाओं ने विधायक से मुलाकात कर गंगा दशहरा पर्व पर हरिद्वार में स्नान करवाने की मांग की थी। विधायक ने महिलाओं से किए वायदे को निभाते हुए हरिद्वार जाने के लिए बस को भेजा। इस धार्रमिक यात्रा को लेकर महिलाओं ने विधायक का आभार प्रकट किया।सुषमा अत्री ने कहा कि गंगा दशहरा का दिन बड़ा पवित्र है। महिलाओं की इच्छा थी कि इस दिन हरिद्वार में गंगा में डूबकी वो लगाए। विधायक द्वारा महिलाओं से वायदा किया था। उस वायदे को पूरा करते हुए बस के आने-जाने का खर्च सहित जो भी खर्च आएगा वो विधायक द्वारा वहन किया जाएगा। ये हमारा दायित्व भी बनता है क्योंकि उचाना हलका हमारा परिवार है। परिवार के सदस्य कोई मांग रखे उसे पूरा करने की हर संभव कोशिश रहती है। महिलाओं ने कहा कि विधायक ने एक जनसेवक की तरह विधायक कार्य कर रहे है। वो जो कहते है वो करते है। जो वायदा किया था उसे वायदे को पूरा किया।